हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, रविवार, 28 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 37 .4 डिग्री
न्यूनतम 23 .3 डिग्री

13 श्री राम विवाह व श्री हनुमान जन्म प्रसंग पर हुआ मंचन



14 ओवरलोड 20 के काटे चालान, आठ वाहन जब्त



## खबर संक्षेप

### दाखिले की फिजिकल काउंसलिंग 30 को

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विभिन्न शैक्षणिक कोर्सों में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए विद्यार्थियों को एक और मौका दिया है। विश्वविद्यालय में रिक्त सीटों में दाखिले के लिए 30 सितंबर को फिजिकल काउंसलिंग होगी। इन सीटों पर दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी सीधे विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने संबंधित कोर्सों में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय में पहले से आवेदन दाखिल किया हुआ है, उन्हें नया आवेदन दाखिल करने वाले आवेदक की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी।

### हरियाणा एक्स सर्विसेज लीग के चुनाव स्थगित

**हिसार।** हरियाणा पूर्व सैनिक संघ की हिसार इकाई के अध्यक्ष सूबेदार कृष्ण कुमार गोदारा ने कहा है कि हरियाणा पूर्व सैनिक संघ के चुनाव रिटर्निंग अधिकारी कर्नल नरेश दहिया व हेड ऑफिस रोहतक के आदेश अनुसार दूसरे चरण की चुनावी प्रक्रिया को रोक दिया गया है। चुनाव 28 सितम्बर को होने थे। इस बीच एक प्रत्याशी ने डिप्टी रजिस्ट्रार, रोहतक में पिटिशन डाल दी जिस पर डिप्टी रजिस्ट्रार रोहतक ने अगले आदेश तक चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। समयानुसार व आगामी आदेशों के बाद चुनाव सम्बंधी अगला फैसला लिया जाएगा।

### 11 हजार तेल चोरी का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** बास पुलिस ने टैंकर से तेल चोरी मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी रोशन खेड़ा निवासी संदीप को गिरफ्तार किया गया है। बास थाना में तैनात एएसआई योगेन्द्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपी ने 8-9 सितंबर की रात को अपने दोस्त के साथ मिलकर गांव रोशन खेड़ा से जीवीजी कम्पनी के तेल टैंकर से 11 हजार लीटर इंडस्ट्रियल तेल चोरी कर लिया था। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है, ताकि उससे पूछताछ की जा सके।

## बैंक कर्मी राहुल की मौत पर आमने- सामने परिवार और पत्नी

# पिता व भाई पर हत्या का आरोप, शव लेने से इनकार

मृतक की पत्नी की सहमति के बिना शव का पोस्टमार्टम करवाने पर भी जताई आपत्ति, छोटी छोटी बातों पर परेशान करते थे ससुरालजन

20 सितंबर को माता-पिता से मिलने बेंगलुर गई थी पलक, शुक्रवार को पिता को फोन पर दी राहुल के हार्ट अटैक की सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बरवाला निवासी 29 वर्षीय युवक राहुल की संदिग्ध मौत मामले में मृतक की पत्नी व उसके परिजनों ने नागरिक अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मृतक की पत्नी ने यहां तक आरोप लगा दिए कि राहुल की मौत नहीं हुई है बल्कि उसी के पिता, भाई व अन्य ने मिलकर उसकी हत्या की है। पत्नी के परिजनों ने भी यही बात कही और राहुल का शव लेने से इनकार कर दिया। मृतक की पत्नी ने बिना सहमति पोस्टमार्टम करवाने पर भी आपत्ति जताई। बाद में पुलिस ने शनिवार दोपहर निष्पक्ष जांच का आश्वासन देकर उन्हें मनाया तो वे शव लेने का तैयार हुए।





हिसार। अस्पताल में राहुल की मौत पर विलाप करती सास और पत्नी पलक।

### पुलिस ने समझाया

मृतक की पत्नी पलक व उनके परिजनों ने आरोप लगाया कि राहुल के पिता, मां और भाई ने उसकी हत्या की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने भी हमें बिना बताए शव का पोस्टमार्टम करवा दिया जबकि पोस्टमार्टम के समय पत्नी या उनके परिवार का होना जरूरी होता है। पुलिस ने काफी देर तक मृतक की पत्नी व उसके परिजनों को समझाया और निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए शव लेने को तैयार किया। मृतक की पत्नी एवं शाहपुर निवासी पलक ने बताया कि उसकी शादी 20 नवंबर 2021 बरवाला के वार्ड नंबर 12 के रहने वाले राहुल के साथ हुइ थी।

### एसबीआई में ड्यूटी

राहुल एसबीआई बैंक में आईटी विभाग में काम करता था। उसने बताया कि वह कैनरा बैंक में काम करती है। पलक के अनुसार 20 सितंबर को माता-पिता से मिलने के लिए उनके पास बेंगलुरू गई थी। शुक्रवार को पलक के पिता विजय के पास साढ़े आठ बजे फोन आया कि राहुल की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पता चलने पर वह परिजनों के वहां से चली और रात 11 बजे हिसार पहुंची।

यहां पहुंचने के बाद राहुल के पिता से पूछा की वह किस अस्पताल में है तो हमें बरवाला बुलाया। वहां जाने के बाद उन्होंने बताया कि राहुल का शव हिसार के शवगृह में रखा हुआ है और उसका पोस्टमार्टम करवा दिया है।

### बिना सूचना करवा दिया शव का पोस्टमार्टम

पलक ने कहा कि हमें इस बारे में कोई सूचना नहीं दी। हमारे आने से पहले शव का पोस्टमार्टम करवा दिया। उन्हें पूरी आशंका है कि राहुल के पिता, भाई व अन्य ने राहुल की हत्या की है। गुरुवार रात साढ़े आठ बजे पति राहुल से फोन पर बात हुई थी। उसने कहा था कि कार के एक टायर में पंचर हो गया है। उसके ठीक करवाने के बाद घर जाऊंगा। फिर साढ़े नौ बजे बात हुई तो उन्होंने कहा कि वह घर पहुंच गया है लेकिन इसके बाद राहुल से बात नहीं हुई।

### बेटी-दामाद को प्रताड़ित करते थे परिजन

पलक की मां कौशल्या ने कहा कि शादी के बाद से ही बेटी के ससुराल वाले छोटी-छोटी बात पर तंग करते थे। बेटी को प्रताड़ित किया जाता था। इस बारे में कई बार ससुरालवालों ने बात की लेकिन उसके बाद भी बेटी और दामाद को प्रताड़ित करना बंद नहीं किया। उनका कहना था कि जब तक दोबारा शव का पोस्टमार्टम नहीं होगा शव नहीं लेंगे। फिर पुलिस की तरफ से मिले आश्वासन के बाद दोपहर बाद स्वजन शव लेने को राजी हुई।

### हर पहलू की होगी निष्पक्ष जांच

बरवाला थाना प्रभारी कर्मजीत ने बताया कि बैंक कर्मचारी राहुल की मौत मामले में हर पहलू पर जांच की जा रही है। मृतक के मोबाइल की जांच की जा रही है। जो भी तथ्य निकल कर सामने आएंगे उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि परिजनों को दिए गए आश्वासन के अनुसार मामले की निष्पक्ष जांच होगी।

## धार्मिक और सांस्कृतिक रंगों से सजा डांडिया महोत्सव

- पुलिस रहेगी तैनात, विधायक होंगे शामिल, गुजराती कलाकार देंगे प्रस्तुति, महिला व बच्चों के लिए अलग से व्यवस्था

**हांसी।** कॉलेज रोड स्थित कृष्णा वाटिका सप्ताहांत धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगी। यहां दुर्गा पूजा और डांडिया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस बार महोत्सव को पूरी तरह पारंपरिक स्वरूप में सजाया गया है, जिसमें भक्ति गीतों, गरबा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की छटा बिखरेगी। जेसीआई हांसी स्टार के प्रधान राजेश बंसल ने बताया कि आयोजन स्थल पर आकर्षक लाइटिंग, रंग-बिरंगी सजावट और भव्य मंच तैयार किया गया है। महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी और स्वयंसेवकों के साथ-साथ पुलिस की तैनाती भी की जाएगी। स्थानीय कलाकारों के साथ गुजराती कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना भी है। कार्यक्रम में विधायक विनोद भयाना शिरकत करेंगे।

## रबी फसलों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कल से

- रवि फसल की समस्याओं के समाधान पर भी होगा मंथन

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में 29 व 30 सितंबर को कृषि अधिकारी कार्यशाला (रबी) 2025 आयोजित की जाएगी। जिसका शुभारंभ कुलपति प्रो.बीआर कम्बोज करेंगे। कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, निदेशक राजनारायण कौशिक भी उपस्थित रहेंगे। दो दिवसीय कार्यशाला में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी भाग लेंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि कार्यशाला में आगामी रबी मौसम की फसलों में लागू की जाने वाली नई तकनीकों पर आधारित सिफारिश को अंतिम रूप दिया जाएगा। विभागीय अधिकारी रबी फसलों में समस्याओं के समाधान पर भी विचार विमर्श करेंगे। कृषि अधिकारियों को विवि के अनुसंधान फॉर्म का दौरा करवा उन्हें फसलों, फलों तथा सब्जियों पर किए जा रहे परीक्षणों की जानकारी देंगे।

## बीड़ बबरान गांव का बेटा 7 को भोपाल में होने वाली राइफल शूटिंग में दिखाएगा अपना दम

- देवांशु ने एक साल पहले शुरू की थी शूटिंग, अब तक के प्रदर्शन से नेशनल में गोल्ड की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गांव बीड़ बबरान निवासी 14 वर्षीय देवांशु नैन राइफल शूटिंग में 7 अक्टूबर को भोपाल में नेशनल खेलने रवाना होंगे। गांव की रेंज में प्रैक्टिस के दौरान उकलाना के विधायक एवं कांग्रेस नेता नरेश सेलवाल ने बधाई दी और इनाम देकर सम्मानित किया। दिवांशु ने अभी 1 साल पहले ही राइफल शूटिंग के लिए खेलना शुरू किया है। गांव के सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह देवा ने बताया कि इससे पहले देवांशु ने जिला स्तर पर क्वालीफाई किया और स्टेट लेवल पर भी क्वालीफाई किया अब फ्री नेशनल खेलने के लिए भोपाल में 7 अक्टूबर को राइफल शूटिंग में अपना निशाना लगाएंगे और अपने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन दिखाएंगे जिसमें उन्हें उम्मीद है कि इसमें दिवांशु नैन को गोल्ड मिलेगा। देवांशु नैन की मां एवं गांव की सरपंच है पूनम ने भी देवांशु नैन को बधाई दी और राइफल शूटिंग में गोल्ड आने की उम्मीद भी जताई। देवांशु नैन गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल राजली में नाइंथ क्लास का छात्र है। देवांशु नैन अपने कोच पूर्व सरपंच परमजीत सिंह उर्फ लाडी की देखरेख में ही अपनी शूटिंग राइफल की प्रैक्टिस करते हैं कोच ने उन्हें बधाई दी है कि देवांशु नैन इसमें जरूर कामयाब होंगे। गोल्ड लाकर गांव और प्रदेश जिले का नाम रोशन करेंगे।



हिसार। दिवांशु को बधाई देते ग्रामीण।

## खेलों में एसबीएस स्कूल माढा के खिलाड़ी छाए

- जिले के 10 से से 7 खिलाड़ी माढा स्कूल से, हिसार ने पहली बार जीते चार मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा सरकार द्वारा पंचकूला में 24 से 26 सितंबर तक किया गया। इसमें टेबल टेनिस में हिसार जिले से लड़कों में एसबीएस स्कूल माढा के छात्र गौरांश तथा जतिन, लड़कियों में मुस्कान, महक, तान्या, टुनीषा तथा परी खेलने गए थे। इसमें लड़कों ने पहले कैथल फिर पानीपत ,यमुनानगर तथा करनाल के खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में रेवाड़ी के कड़े मुकाबले में सिल्वर मेडल जीता। टेबल टेनिस लड़कों में हिसार जिले ने पहली बार सिल्वर मेडल हासिल किया। लड़कों के डबल्स में गौरांश तथा सनी ने करनाल, पलवल और सिरसा को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। लड़कियों ने फतेहाबाद, करनाल तथा अंबाला को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। लड़कियों की डबल्स में महक व टुनिषा ने झज्जर तथा करनाल को हराकर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। स्कूल की प्राचार्या सरोज चहल ने बताया कि टेबल टेनिस में हिसार जिले ने पहली बार एक सिल्वर तथा तीन ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। जिले से पांच लड़कों व पांच लड़कियों का चयन किया गया। 10 खिलाड़ियों में से एसबीएस स्कूल माढा के सात खिलाड़ियों का चयन हुआ। इन्होंने पदक हासिल कर स्कूल तथा जिले का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल में विजय, विकास, संदीप, रवि, रमेश, शिक्षा, पिंकी, मंजू, नीतू, रेखा, कुसुम आदि मौजूद रहे।



नारनौंद। विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल के डायरेक्टर सुनील चहल व अन्य।

## रेस्टोरेंट का सामान चोरी का आरोपी गिरफ्तार, 30 हजार रुपये बरामद

- श्रीनगर कॉलोनी के दीपक ने 30 हजार में बेच दिया था चुराया गया रेस्टोरेंट का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आजाद नगर थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट का सामान चोरी के मामले में एक आरोपी श्रीनगर कॉलोनी निवासी दीपक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी से 30 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। आईओ एएसआई जयप्रकाश ने बताया कि इस संबंध में पेटवाड़ निवासी दीपक ने उसकी किराए की बिल्डिंग के बेसमेंट से रेस्टोरेंट का सामान चोरी के मामले में शिकायत दी थी। उसने बताया कि उसने एक बिल्डिंग किराये पर ली हुई थी जो पश्चिम विहार कालोनी फेज 4 कैमरी रोड हिसार का बेसमेंट है। इसमे उसका रेस्टोरेंट का सामान रखा था। गत 5 अगस्त को वह अपना सामान उठाने के लिए गया तो सामान ताला तोड़कर चोरी हुआ मिला जिसमे एक एसी और एसी का बोल्टेज, एक कमर्शियल सिलेंडर, एक इंडक्शन चूल्हा, जूसर मशीन, एक बॉक्स क्रोकरी सामान और बरतन आदि थे। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन करते हुए उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया कि आरोपी ने रेस्टोरेंट का सामान चोरी उपरांत उसे बेच दिया। पुलिस ने आरोपी से 30 हजार रुपये बरामद किए है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## एसडी स्कूल के यजत ने जीता कांस्य

- भिवानी में 25 सितंबर को हुई थी अंडर 14 आयुवर्ग की प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र यजत द्वारा 25 सितम्बर को भिवानी में आयोजित एसजीएफआई स्टेट लेवल टूर्नामेंट प्रतियोगिता की अंडर 14 आयु वर्ग की रिले रेस में तीसरा स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया गया।

प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों में बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है और भविष्य में कुछ बड़ा हासिल करने के लिए नई राहें व आशाएं पैदा होती है। यजत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अपने अध्यापकों सीटीओ देवांश मलिक व शारीरिक शिक्षा प्राध्यापिका मनीषा यादव को दिया। यजत ने कहा कि उनके सहयोग व मार्गदर्शन से उसे यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, सेक्रेटरी रजत अग्रवाल व कैशियर चंद्रभान गर्ग ने यजत को बधाई दी।



हांसी। स्टेट रिले रेस में कांस्य पदक विजेता यजत प्राचार्या ऋतू सिंह व शारीरिक शिक्षा प्राध्यापिका मनीषा यादव के साथ

## अशोक खोखर जिला संगठन प्रमुख तीन जिला उपप्रधान किए नियुक्त

- सहकार भारती हिसार की कार्यकारिणी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सहकार भारती जिला का अधिवेशन लुवास विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में संपन्न हुआ जिसमें जिले की विभिन्न सहकारी संस्थाओं एवं समितियों के सहकार सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सौरभ भीष्म ने सहकार भारती के ध्येय वाक्य 'बिना संस्कार नहीं सहकार, बिना सहकार नहीं उद्धार' से अपने उद्बोधन की शुरुआत की तथा सहकार भारती के उद्देश्य तथा रीति नीति से सहकार सदस्यों को अवगत करवाया। पैक्स प्रकोष्ठ के प्रान्त प्रमुख हनुमान गोदारा ने बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (एम-पैक्स) के बढ़ते हुए ऋण असंतुलन व घाटे और उनके निवारण को लेकर के सहकार भारती द्वारा सहकारिता विभाग एवं सरकार के साथ चल रहे प्रयासों की जानकारी दी। अध्यक्षता प्रधान पवन कुमार द्वारा की गई। अनिल पूनियां ने बताया कि अशोक खोखर को जिला संगठन प्रमुख, राम अवतार सैनी, सत्यनारायण शर्मा, अमरीक सिंह पाली को जिला उपाध्यक्ष, राहुल धानिया को सचिव, अनिल कुमार को कोषाध्यक्ष एवं दिनेश कुमार को प्रेस सचिव बनाया गया।

## लुवास: 1.58 लाख की सबसे बड़ी बोली

- प्रदेशभर से आए पशुपालकों ने नीलामी में रखें 85 पशु
- 20 भैंसों की कीमत एक लाख से अधिक रही, नस्ल सुधान में सहायक होते हैं ऐऐ पशु मेले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में भैंसों की नीलामी की गई। नीलामी में प्रदेश भर के पशुपालकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। बोली प्रक्रिया काफी उत्साहजनक रही। नीलामी में कुल 85 पशु बिक्री के लिए रखे गए। खरीदारों ने हर पशु की क्षमता और उसके दूध उत्पादन के आधार पर उसे खरीदा। इस दौरान 20 भैंसों की कीमत 1 लाख से अधिक रही, और किसानों ने इनमें विशेष रुचि दिखाई। इस नीलामी की सबसे बड़ी बोली 1.58 लाख की लगी, जो इस आयोजन की सबसे अधिक कीमत थी। नीलामी स्थल पर पशुपालकों का जोश देखने लायक था। किसानों ने बताया कि ऐसी नीलामियों से उन्हें उच्च नस्ल और बेहतर गुणवत्ता वाले पशु मिलते हैं, जिससे उनका डेयरी व्यवसाय बेहतर होता है।




हिसार। नीलामी प्रक्रिया में उपस्थित अधिकारी व हिस्सा लेते पशुपालक।

### पशु पालकों को मिलता है बेहतर मंच

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि ये नीलामियां किसानों को उत्तम नस्ल के पशु देने के साथ-साथ पशुपालन क्षेत्र में आर्थिक मजबूती और वैज्ञानिक सोच को भी बढ़ावा देती हैं। यह एक बेहतर प्रयास है।

## नगर निगम के साढ़े चार करोड़ के विकास कार्यो का शुभारंभ

# 595 खंभों पर लगेंगी 120 वाट की एलईडी लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम की ओर से विकास कार्यों को गति देने के लिए साढ़े चार करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। विधायक सावित्री जिंदल एवं मेयर प्रवीण पोपली ने शनिवार को वार्ड 12 में 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क और साउथ बाइपास पर 4 करोड़ से लगने वाली स्ट्रीट लाईट का शुभारंभ किया। वार्ड 12 में बनने वाली सीसी सड़क का शुभारम्भ किया गया जो शीश महल से न्यू मॉडल एक्सटेंशन तक बनाई जाएगी। इस सीसी सड़क को बनाने में लगभग 42 लाख की लागत से 6 माह में काम पूरा करना होगा। पांच साल देखभाल की जिम्मेदारी भी एजेंसी की ही होगी।



नगर निगम के कार्यों का शुभारंभ करते विधायक सावित्री जिंदल व मेयर प्रवीण पोपली।

### बाइपास होगा जगमग

नगर निगम द्वारा बगला रोड मोड से साउथ बाइपास आधार अस्पताल तक लगाए जाने वाले स्ट्रीट लाइट के खम्बों व एलईडी लाइट का शुभारंभ किया गया। यह कार्य नगर निगम द्वारा दिव्य नगर योजना और एमसी फंड के द्वारा किया जा रहा है।

कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी ने बताया कि विकास कार्य निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार किया जा रहे है। इस कार्य को करने में लगभग 6 माह का समय लगेगा। यह कार्य एमएस जेएसबी इंटरप्राईज एजेंसी के द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कार्य पूर्ण होने के बाद पांच साल तक देखरेख का कार्य एजेंसी द्वारा किया जाएगा। इस कार्य में बगला रोड से साउथ बाइपास आधार अस्पताल तक 595 खंबो पर 120 वाट की एलईडी लाइट लगाई जाएगी। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान पार्षद संजय डालमिया, पार्षद नवीन, पार्षद भीम महाजन, पार्षद सत्यवान पान्नू, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद राजेश अरोड़ा, एमई अमित बेरवाल, एमई सुनील लांबा, जेई संदीप काजल, जेई नवीन, जेई ऋत्विक जाखड़, जेई राजेश्वर शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि बिजेन्द्र शर्मा, योगेश मित्तल, प्रदीप, प्रवीण जैन, वेद रावल, स्नेह लता निम्बल, प्रदीप कोहली, हरकेश चौहान, डॉ. शेखर, खुशीराम गोयल, रामावतार गर्ग, पवन सैनी, बाबा हिन्दुस्तानी, सुनील कुमार आदि गणमान्य मौजूद रहे।

# स्मॉल कैप और मिडकैप में कौन आगे, किसने दिया बढ़िया रिटर्न

▶▶ स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट ▶▶ 3 साल, 5 साल और 10 साल में दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न बढ़िया

▶▶ निवेशकों के लिए एसआईपी होता है सबसे अच्छा विकल्प, हो रहे मालामाल ▶▶ एसआईपी में लंबे समय में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता, करें प्लानिंग

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

अलग-अलग मार्केट कैप सेगमेंट्स को रिप्रेजेंट करने वाले इक्विटी फंड्स में स्मॉल कैप और मिड कैप फंड्स को हाई रिटर्न देने के लिए जाना जाता है। इन दोनों फंड्स को को हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट माना गया है, लेकिन पिछले 3, 5 और 10 साल के रिटर्न के लिहाज से दोनों में से कौन सी कैटेगरी आगे रही है। इसे देखा जाए तो दोनों ही श्रेणियों का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। निवेशकों ने अच्छा मुनाफा कमाया है। हालांकि मार्केट की उथल-पुथल के दौरान इनमें रिस्क भी अधिक होता है, जो पिछले 1 साल के दौरान दोनों ही कैटेगरी के एवरेज निगेटिव रिटर्न में नजर आता है, लेकिन 3 साल, 5 साल और 10 साल में स्मॉल कैप और मिड कैप, दोनों ही फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न काफी बढ़िया रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि रिटर्न के मामले में दोनों फंड कैटेगरीज में कौन आगे रहा है, स्मॉल कैप या मिड कैप?

## क्या कहता है पिछला प्रदर्शन

स्मॉल कैप और मिड कैप म्यूचुअल फंड्स के पिछले 3, 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज के आंकड़े काफी दिलचस्प हैं। लंबी अवधि के निवेश पर दोनों ही श्रेणियों ने काफी अच्छा रिटर्न दिया है। हालांकि एक दो साल का रिटर्न देखें तो कुछ खास नहीं दिखा। इसलिए बाजार के जानकारों का भी कहना है कि निवेश करने से पहले अपने लक्ष्य और धैर्य को जांच लें। हमेशा लंबी अवधिक के लिए निवेश करें। इसके लिए एसआईपी का सहारा भी लिया जा सकता है। एसआईपी में आपके धन को बढ़ाने की पूरी क्षमता होती है।

## 5 और 10 साल के रिटर्न में स्मॉल कैप आगे

पिछले 3 साल के रिटर्न के आंकड़ों में मिड कैप और स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज लगभग बराबर रहा है। इस दौरान स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न 20.86% और मिड कैप का कैटेगरी रिटर्न उससे थोड़ा बेहतर 20.96% रहा है, लेकिन 5 और 10 साल के कैटेगरी एवरेज में स्मॉल कैप फंड आगे हैं। 5 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का एवरेज रिटर्न 28.75% और मिड कैप कैटेगरी का औसत रिटर्न 26.38% रहा है। वहीं, 10 साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी ने औसतन 17.24% और मिड कैप कैटेगरी ने 16.29% का एवरेज रिटर्न दिया है।

## रिटर्न के साथ रिस्क भी समझ लें

हालांकि 3 साल से लेकर 10 साल तक के कैटेगरी



एवरेज में स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स के आकर्षक रिटर्न साफ नजर आ रहे हैं, लेकिन इन आंकड़ों से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती। इन दोनों कैटेगरी के इक्विटी फंड्स में निवेश शॉर्ट टर्म में कितना रिस्की होता है, इसका अंदाजा इनके पिछले 1 साल के निगेटिव रिटर्न को देखकर लगाया जा सकता है. पिछले एक साल में स्मॉल कैप फंड कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 6.54% और मिड कैप कैटेगरी का रिटर्न माइनस (-) 3.94% रहा है।

## हाई रिस्क, हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट

स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स को हाई रिटर्न, हाई रिस्क इनवेस्टमेंट कहा जा सकता है। रिस्कोमीटर पर भी इन दोनों कैटेगरी के सभी फंड्स को वेरी हाई रिस्क यानी बहुत अधिक जोखिम की रेटिंग ही दी जाती है। ऊपर दिए आंकड़ों से यह भी साफ है कि मिड कैप और स्मॉल कैप फंड्स में लंबी अवधि के लिए निवेश करने की सलाह क्यों दी जाती है।

## किन्हें करना चाहिए निवेश

ऊपर दिए आंकड़ों से ही कुछ बातें साफ होती हैं। पहली बात तो यह है कि स्मॉल कैप और मिड कैप इक्विटी फंड्स में निवेश उन्हीं लोगों को करना चाहिए, जो ऊंचा रिटर्न पाने के लिए मार्केट से जुड़ा हाई रिस्क लेने को तैयार हैं। दूसरी बात यह कि इनमें पैसे हमेशा लॉन्ग टर्म के लिए ही इनवेस्ट करना चाहिए। यह समझना भी जरूरी है कि इक्विटी फंड्स में पिछला रिटर्न आगे भी जारी रहेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसलिए निवेश से पहले अपनी रिस्क लेने की क्षमता को हमेशा ध्यान में रखें।

## क्या हैं स्मॉल और मिड कैप

**स्मॉल-कैप :** स्मॉल-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण कम होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से कम। ये कंपनियां अक्सर नई और तेजी से बढ़ने वाली होती हैं, और उनके शेयरों में उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की संभावना होती है।

**मिड-कैप:** मिड-कैप कंपनियां वे होती हैं जिनका बाजार पूंजीकरण मध्यम आकार का होता है, आमतौर पर 500 करोड़ रुपये से 20,000 करोड़ रुपये के बीच। ये कंपनियां अक्सर स्थापित और स्थिर होती हैं, और उनके शेयरों में मध्यम जोखिम और मध्यम रिटर्न की संभावना होती है।

## स्मॉल-कैप और मिड-कैप के लाभ

1. **उच्च विकास क्षमता:** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में उच्च विकास क्षमता होती है, जिससे उनके शेयरों की कीमतें बढ़ सकती हैं।
2. **विविधीकरण :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप शेयरों में निवेश करने से आपके पोर्टफोलियो में विविधीकरण होता है, जिससे जोखिम कम होता है।
3. **निवेश के अवसर :** स्मॉल-कैप और मिड-कैप कंपनियों में निवेश करने से आपको नए और रोमांचक निवेश अवसर मिलते हैं

# जरूरत और चाहत में फर्क समझें, बाजार की चकाचौंध में न बिगाड़ लें अपना बजट

■ बाजार जाएं तो ऑफर्स को देखकर ललचाएं नहीं, संयम बरतना जरूरी
■ अपनी जरूरत के हिसाब से ही सामान खरीदें, ताकि कर्ज का बोझ न बढ़े
■ कुछ भी खरीदने से पहले जांच लें कि हमें इसकी कितनी जरूरत
■ त्योहारों की खरीदारी में खुशियों और जेब का संतुलन रखना बेहद जरूरी

अलर्ट
विनोद कौशिक

नवरात्रों के साथ ही त्योहारी सीजन भी शुरू हो गया है। बाजार में तरह-तरह की चीजों की भरमार है। दुकानदार इस समय तमाम ऑफर्स पेश कर ग्राहकों को लुभा रहे हैं। ऐसे में आपको भी थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। कई बार ग्राहक बाजार में ऑफर्स देखकर ललचा जाते हैं, लेकिन आपको ध्यान रखना होगा कि त्योहारों की खरीदारी के चक्कर में कहीं आपका बजट बिगड़ न जाए। इसलिए अपना बजट देखकर ईएमआई और लोन ऑफर्स के बीच चाहत और जरूरत में फर्क समझें और खुशियों और जेब के बीच संतुलन बनाकर ही खरीदारी करें। इससे आप अनावश्यक दबाव से बच सकेंगे और बिना किसी कर्ज के खुशियां मना सकेंगे। क्रेडिट कार्ड से खरीदारी न करें, बेहद जरूरी होने पर ही क्रेडिट कार्ड का प्रयोग करें, वरना ईएमआई का बोझ आपको परेशान कर सकता है।

## बढ़ जाता है खरीदारी का क्रेज

त्योहारों का मौसम जैसे ही नजदीक आता है, खरीदारी का उत्साह तेजी से बढ़ जाता है। नवरात्र और दशहरे के बाद दिवाली तक हर जगह डिस्काउंट व ऑफर्स की बौछार होती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट की सेल तो लोगों को और ज्यादा लुभाती हैं। बैंक और फिनटेक कंपनियां आसान ईएमआई, बाय नाऊ पे लेटर और लो-इंटरेस्ट लोन की सुविधा देकर शॉपिंग को आकर्षक बना देते हैं, लेकिन शॉपिंग की इस होड़ के बीच बजट बिगड़ने और कर्ज के जाल में फंसने का रिस्क बढ़ जाता है। त्योहार की खरीदारी जेब पर बड़ा बोझ न बन जाए, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।



**इस फर्क को समझना जरूरी :** त्योहारों पर डिस्काउंट और ऑफर इतने आकर्षक होते हैं कि अक्सर लोग जरूरत और चाहत के बीच का फर्क ही भूल जाते हैं। उदाहरण के तौर पर घर के लिए जरूरी फ्रिज या बच्चों के लिए पढ़ाई का लैपटॉप खरीदना एक जरूरत है, जबकि लेटेस्ट स्मार्टफोन या महंगे गैजेट लेना सिर्फ चाहत हो सकती है। इसलिए इन चीजों के बीच के फर्क को समझकर ही खरीदारी करेंगे तो कर्ज के जाल से बच सकेंगे और हंसी खुशी के साथ त्योहार मना सकेंगे।

**बजट तय करें और उस पर टिके रहें :** खरीदारी का असली आनंद तभी है जब वह आपको बाद में तनाव न दे। त्योहारों के मौसम में हर चीज पर खर्च करने का मन करता है, लेकिन अगर आप पहले से कैटेगरी-वाइज बजट बना लें तो हालात आपके नियंत्रण में रहेंगे। उदाहरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, सजावट और गिफ्टिंग के लिए अलग-अलग रकम तय करें। आजकल कई मोबाइल ऐप्स हैं जिनसे आप रियल-टाइम में अपने खर्च को ट्रैक कर सकते हैं। सिर्फ बजट बनाना काफी नहीं है। असली फायदा तब है, जब आप उस पर मजबूती से टिके रहें।

**लोन लेते समय सावधानी :** त्योहारों पर ईएमआई और बीएनपीएल स्कीमें बहुत आसान लगती हैं, लेकिन याद रखें, यह सब शुरुआत में जितना आसान लगता है, उतना होता नहीं, क्योंकि किस्तें लंबे अरसे तक चलती रहती हैं। एक थंब रूल यह है कि आपकी मंथली इनकम में ईएमआई का हिस्सा अधिकतम 30 से 40 प्रतिशत तक होना चाहिए। इससे बचत और इमरजेंसी खर्चों के लिए भी जगह बनी रहती है। साथ ही ईएमआई को ऑटो-डेबिट में डालना बेहतर है, ताकि पेमेंट में देरी की वजह से पेनाल्टी न देनी पड़े।

## कई लोन लेने की गलती न करें

त्योहार के जोश में लोग कई बार एक साथ अलग-अलग जगहों से लोन ले लेते हैं. कहीं से पर्सनल लोन, कहीं से क्रेडिट कार्ड ईएमआई। नतीजा यह होता है कि हर महीने कई किस्तें चुकानी पड़ती हैं और बजट पूरी तरह गड़बड़ा जाता है। लोन लेने से पहले शर्तें अच्छी तरह पढ़ें। ब्याज दर के अलावा हिडेन चार्ज और पेनल्टी पर भी ध्यान दें। जो ईएमआई अभी सस्ती दिख रही है, हो सकता है लंबे समय में वह महंगी पड़ जाए। इसलिए सिर्फ वही लोन लें जो वास्तव में जरूरी हो और जिसे चुकाना आपके लिए आराम से संभव हो।

## स्मार्ट शॉपिंग से बढ़ाएं बचत

त्योहारों पर डिस्काउंट, बैंक ऑफर्स और कैशबैक एक साथ मिलकर अच्छा फायदा दे सकते हैं। समझदारी इसी में है कि इन ऑफर्स का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए। कई लोग फियर ऑफ मिसिंग आउट यानी एफओएमओ में आकर जरूरत से ज्यादा खर्च कर देते हैं। याद रखें, ऑफर्स हर साल आते हैं, लेकिन आर्थिक मजबूती सबसे जरूरी है। बजट में जितनी गुंजाइश है, उतना ही खर्च करें। त्योहार परिवार के संग खुशियां मनाने और वक्त बिताने का मौका हैं। उन्हें कर्ज और तनाव का कारण न बनने दें।

# जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे उतनी ही जल्दी बढ़ जाएगा पैसा

●कुछ छोटे छोटे टिप्स जेन जेड को दिला सकते हैं बड़ा रिटर्न ●अभी-अभी कमाना शुरू किया तो निवेश करना शुरू करें
●एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस दे रहे मजबूत पोर्टफोलियो ●जेन जेड ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से जुड़ी हुई
●फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी सतर्क और जागरूक, जल्दी निवेश से मिलता है कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा

तैयारी
बिजनेस डेस्क

अगर आप यूथ यानी जेन जेड हैं और निवेश कर पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो अपनी पहली सैलरी के साथ ही निवेश करना शुरू कर दें। आप जितना जल्दी निवेश शुरू करेंगे आपका पैसा उतना जल्दी ही बढ़ेगा। यूथ यानी जेन जेड के लिए निवेश सिर्फ बचत का तरीका नहीं, बल्कि जल्दी आर्थिक आजादी पाने का भी रास्ता है। छोटे-छोटे निवेश से शुरू करके और सही जगह पैसे लगाकर बड़े रिटर्न हासिल किए जा सकते हैं। म्यूचुअल फंड एसआईपी, डिजिटल गोल्ड जैसे ऑप्शंस युवाओं को कम रकम से भी मजबूत पोर्टफोलियो बनाने का मौका देते हैं। जेन जेड एक ऐसी पीढ़ी है जो डिजिटल रूप से काफी जुड़ी हुई है और फाइनेंशियल लिटरेसी को लेकर भी काफी जागरूक है। ये युवा सिर्फ पैसे कमाना नहीं, बल्कि उसे समझदारी से इन्वेस्ट करके बढ़ाना भी चाहते हैं। शुरुआती उम्र में इन्वेस्टमेंट शुरू करने से कंपाउंडिंग का जबरदस्त फायदा मिलता है, जिससे थोड़े-थोड़े पैसे भी समय के साथ एक बड़ी रकम में बदल सकते हैं, लेकिन ये जानना जरूरी है कि कौन से ऑप्शन्स उनके लिए बेस्ट हैं, खासकर जब उनके पास इन्वेस्ट करने के लिए बहुत ज्यादा पैसे ना हों।

## म्यूचुअल फंड्स एसआईपी का जादू

म्यूचुअल फंड एसआईपी जेन जेड के लिए सबसे आसान और भरोसेमंद विकल्प है। खासकर अगर आपको स्टॉक मार्केट की ज्यादा जानकारी नहीं है। इसमें आप महज 500 प्रति माह से शुरुआत कर सकते हैं। हालांकि इसमें थोड़ा लंबी अवधि के लिए निवेश करना होता है, लेकिन यह पैसे बचाने और अच्छा रिटर्न पाने का बेहतरीन तरीका है। एसआईपी को धीरे-धीरे बढ़ाया भी जा सकता है। इसमें आपको 12-15% तक का औसत वार्षिक रिटर्न लंबे समय में मिल सकता है। आपका पैसा कई जगह इन्वेस्ट होता है, जिससे रिस्क कम हो जाता है। एक्सपर्ट्स आपके पैसे को मैनेज करते हैं। जरूरत पड़ने पर आप आसानी से अपने पैसे निकाल भी सकते हैं। अगर आप 1,000 महीने की एसआईपी 20 साल तक करें और 12% रिटर्न मिले तो करीब 9.19 लाख का फंड बन सकता है, जबकि निवेश सिर्फ 2.4 लाख रुपये का होगा।

## डिजिटल गोल्ड–सुरक्षित व आसान

आज के युवाओं को गोल्ड का पुराना झंझट पसंद नहीं। इसलिए उनके लिए डिजिटल गोल्ड निवेश का बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इसमें निवेश करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं है। निवेश के लिए कई प्लेटफॉर्म ऑनलाइन उपलब्ध हैं। ये जेन जेड के लिए निवेश करने के लिए आसान हैं। युवा इन एप्स के जरीये आसानी से निवेश कर अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। इसमें 24 कैरेट का शुद्ध सोना खरीद सकते हैं। सिर्फ 100 रुपये से भी निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। मेकिंग चार्ज का झंझट नहीं होता। सेफ्टी को लेकर बहुत फिक्रमंद रहने की जरूरत नहीं होती। आप चाहें तो भविष्य में इसे फिजिकल गोल्ड में भी कन्वर्ट करवा सकते हैं। इसके अलावा गोल्ड हमेशा महंगाई को मात देता है और पोर्टफोलियो को स्थिरता देता है।




## कहां निवेश करें?

▶▶ फोन पे, पेटीएम, गूगल पे जैसे प्लेटफॉर्म पर डिजिटल गोल्ड खरीद सकते हैं।
▶▶ पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ)–गारंटीड रिटर्न
▶▶ लॉन्ग टर्म और सुरक्षित निवेश चाहने वालों के लिए पीपीएफ परफेक्ट है। इसके जरिए लॉन्ग टर्म में मोटा फंड तैयार किया जा सकता है।

## यह होगा फायदा

इसमें सालाना 500 रुपये मिनिमम निवेश कर सकते हैं। हालांकि बड़े रिटर्न के लिए बड़ी राशि निवेश करनी पड़ेगी। सरकार हर तिमाही ब्याज दर तय करती है। फिलहाल 7.1% है, जो तमाम स्कीम्स की तुलना में बेहतर है। ईईई की कैटेगरी में आने के कारण आपका तीन तरह से टैक्स बचाएगी।

## कैसे करें निवेश?

▶▶ बैंक या पोस्ट ऑफिस में जाकर आप इस स्कीम को शुरू कर सकते हैं।
▶▶ पी2पी लेंडिंग पर सीधे पैसे उधार दें
▶▶ पी2पी लेंडिंग एक नया इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है जहां आप सीधे दूसरों को पैसे उधार देते हैं और बदले में ब्याज कमाते हैं।-ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के ज़रिए आप उन लोगों या छोटे बिज़नेसेस को पैसे उधार देते हैं जिन्हें जरूरत होती है।
▶▶ आमतौर पर बैंक एफडी से ज्यादा ब्याज मिलता है (10-18% तक)। आपके इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में एक नया एसेट क्लास जुड़ता है। फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) : सुरक्षित और स्थिर अगर आपके पास एकमुश्त रकम है और आप निवेश पर कोई रिस्क नहीं लेना चाहते, तो एफडी एक अच्छा ऑप्शन है। इसमें आप बैंक या पोस्ट ऑफिस में एक निश्चित अवधि के लिए पैसे जमा करते हैं और आपको उस पर फिक्स्ड ब्याज मिलता है। इसमें आपके पैसे पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं। आपको पहले से पता होता है कि कितना ब्याज मिलेगा। मार्केट के उतार-चढ़ाव का कोई असर नहीं होता।

**जानकारी** मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें बन जाती हैं खतरा, इसलिए पहले से ही कर लें निवेश की तैयारी

**सेवानिवृत्ति के बाद बुढ़ापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम ताकि किसी पर डिपेंड नहीं रहना पड़े**

# एन्युटी में निवेश कर सेवानिवृत्ति के बाद हो जाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र, बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी से बनी रहती है मानसिक शांति

समझदारी
सुश्री विद्या अय्यर

हर व्यक्ति सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक रूप से सुरक्षित रहना चाहता है। चाहे वेतनभोगी हों या स्व-रोज़गार वाले लोग, सभी चाहते हैं कि बुढ़ापे में आर्थिक आज़ादी और मानसिक शांति बनी रहे, लेकिन, मुद्रास्फीति और उतार-चढ़ाव वाली ब्याज दरें अक्सर दीर्घकालिक आय सुरक्षा के लिए खतरा बन जाती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती की है। इससे सुनिश्चित बचत विकल्पों पर मिलने वाले रिटर्न में कमी आई है, जिससे सेवानिवृत्त लोगों को अपनी बचत से कम आय हो रही है। इसलिए आपको पहले से ही जागरूक होना होगा और सेवा निवृत्ति के बाद बुढापे को सुरक्षित रखने के लिए कदम उठाने होंगे। आपके लिए एन्युटी में निवेश बेहतर विकल्प हो सकता है। इससे आपको जीवन भर की आय मिल सकती है और किसी डिपेंड नहीं रहना होगा। तभी आप अपना भविष्य सुरक्षित रख पाएंगे।

## एन्युटी (वार्षिकी) कैसे मदद करती हैं?

सेवानिवृत्ति के बाद स्थिर और नियमित आय हो तो लोग वित्तीय रूप से सुरक्षित रहते हैं। इस तरह की नियमित आय से सेवानिवृत्त लोग जीवनयापन के खर्च के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा या अपने हर तरह के शौक पूरे कर सकते हैं और दूसरों पर निर्भर हुए बिना शांति से जीवन-यापन करसकते हैं। एन्युटी जीवन भर की आय प्रदान करती है। यह आय मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक आधार पर हासिल की जा सकती है और इसे जीवन भर या निश्चित अवधि के लिए अपनी ज़रूरत के अनुरूप व्यवस्थित किया जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें निश्चितता होती है। सेवानिवृत्त लोगों को पता होता है कि उन्हें नियमित आय होगी जो उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने में मदद कर सकती है।



## एन्युटी में निवेश करने का यह सही समय क्यों?

ब्याज दरों में गिरावट के माहौल में, एन्युटी विशेष रूप से उपयोगी होती हैं। इससे खरीद के समय ब्याज दर लॉक हो जाती है, जिससे जीवन भर के लिए आय की गारंटी सुनिश्चित होती है और ब्याज दर में किसी भी उतार-चढ़ाव का उन पर कोई असर नहीं पड़ता। भारत विकसित अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, इए में ब्याज दरों में कमी आने की उम्मीद है, जैसा कि अमेरिका और जापान जैसे देशों में देखा जा रहा है। अभी कदम उठाने से भविष्य की आय सुरक्षित करने में मदद मिल सकती है। जो लोग सेवानिवृत्ति के करीब हैं, उनके लिए पूर्वानुमान सुरक्षा लाता है।

## विवेकपूर्ण विकल्प

एन्युटी उत्पाद इस मायने में बहुमुखी हैं कि ये न केवल सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिए बल्कि जीवनसाथी के लिए भी गारंटीशुदा आय सुनिश्चित करते हैं। सेवानिवृत्ति की योजना बना रहे किसी भी व्यक्ति के लिए, एन्युटी एक स्मार्ट और भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार विकल्प है। अनिश्चितता के दौर में, एन्युटी विश्वसनीयता प्रदान करती है। इस पर आधारित योजनाएं सेवानिवृत्त लोगों को आगे की योजना बनाने का आत्मविश्वास देती हैं, उन्हें ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से बचाती हैं और आजीवन स्वतंत्रता सुनिश्चित करती हैं। आज की दरों पर आय को सुरक्षित कर, व्यक्ति अपने स्वर्णिम वर्षों के लिए मजबूत और सुरक्षित आधार तैयार कर सकते हैं।

*(लेखक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के फिक्स्ड इन्कम हेड हैं।)*

## क्या है एन्यूटी

एन्यूटी एक प्रकार का निवेश है जिसमें आप एक निश्चित राशि का भुगतान करते हैं और बदले में एक निश्चित अवधि के लिए नियमित आय प्राप्त करते हैं। एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक स्थिर और अनुमानित आय मिल सकती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।

## एन्यूटी के प्रकार

1. **फिक्स्ड एन्यूटी** : इसमें आपको एक निश्चित दर पर आय मिलती है, जो आपके निवेश की अवधि के दौरान नहीं बदलती है।
2. **वेरिएबल एन्यूटी** : इसमें आपकी आय बाजार की स्थिति के आधार पर बदल सकती है।
3. **इंडेक्स-लिंक्ड एन्यूटी** : इसमें आय एक विशिष्ट सूचकांक के प्रदर्शन से जुड़ी होती है, जैसे कि शेयर बाजार सूचकांक।

## एन्यूटी के लाभ

1. **नियमित आय** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको एक नियमित आय मिलती है, जो आपके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकती है।
2. **जोखिम कम** : एन्यूटी में निवेश करने से जोखिम कम होता है, क्योंकि आपको एक निश्चित आय मिलती है।
3. **वित्तीय सुरक्षा** : एन्यूटी में निवेश करने से आपको वित्तीय सुरक्षा मिलती है, जो आपके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

## एन्यूटी के लिए कौन उपयुक्त

1. **रिटायर्ड व्यक्ति**
एन्यूटी में निवेश करना रिटायर्ड व्यक्तियों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक नियमित आय की तलाश में हैं।
2. **जोखिम से बचने वाले निवेशक**
एन्यूटी में निवेश करना जोखिम से बचने वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त हो सकता है, जो एक निश्चित आय की तलाश में हैं।
3. **वित्तीय सुरक्षा की तलाश में**
एन्यूटी में निवेश करना उन लोगों के लिए उपयुक्त हो सकता है जो वित्तीय सुरक्षा की तलाश में हैं।

## खबर संक्षेप



### डीएन कॉलेज: कैडेट्स ने मनाया स्वच्छता दिवस

**हिसार।** दयानंद कॉलेज की एनसीसी आर्मी विंग (गर्ल्स) ने स्वच्छ भारत दिवस मनाया। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कैडेट्स को कहा कि वे घर से ही स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी शुरू करें। अभियान की सफलता के लिए सामुदायिक सहयोग सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्वच्छता शपथ समारोह, स्वच्छता जागरूकता रैली और घर-घर जाकर अभियान चलाया गया।



### शिव शक्ति ध्यान शिविर में पुस्तकों की प्रदर्शनी

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में चल रहे छह दिवसीय शिव शक्ति ध्यान शिविर का समापन 28 सितंबर को होगा। इस दिन तीन ध्यान सत्र आयोजित करके विज्ञान भैरव तंत्र व शिव सूत्र पर आधारित ध्यान विधियों से साक्षात्कार करवाया जाएगा। स्वामी शैलेंद्र सरस्वती व मां अमृत प्रिया साधकों को खुशहाल जीवन जीने की कला से रूबरू करवाएंगे। शिविर के पांचवें दिन सतगुरु ओशो के साहित्य व प्रवचनों पर आधारित पुस्तक प्रदर्शनी लगाई।

### स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पर सेमिनार

**हिसार।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी, हिसार में स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम टीपीओ सेल (सीडीटीपी ब्लॉक) में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। नगर निगम के विशेष स्वच्छता अधिकारी हरबीर सिंह ने मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किया। स्वच्छता, प्रभावी कचरा प्रबंधन तथा युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कचरे के पृथक्करण, पुनर्चक्रण और सतत स्वच्छता पद्धतियों को अपनाएं।

### संत समागम एवं सत्संग समारोह में उमड़ी संगत

**हिसार।** बाबा जोध सचियार सेवा समिति के तत्वाधान में अग्रसेन भवन में आयोजित नौवें महान संत समागम एंव सत्संग समारोह में प्रदेश भर से भारी संख्या में संगत पहुंची। हजारों लोगों ने गुरुघर में माथा टेककर बाबाजी का व बालयोगिनी महामंडलेश्वर संत शिरोमणि साध्वी करुणागिरी महाराज, हरिद्वार वाले का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की सफलता पर समिति की बैठक प्रधान दयानंद भयाणा की अध्यक्षता में हुई जिसमें समारोह के आय-व्यय की रिपोर्ट रखी गई। बैठक में बाबा जोध साहिब सचियार, आए सभी अतिथियों का व संगत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से सफल हुआ। बैठक में कश्मीर भयाणा, भूपेन्द्र भयाणा, राजेन्द्र ग्रोवर, राम धमीजा उपस्थित रहे।

## जिलेभर में रामलीलाओं में दिखाए अलग-अलग दृश्य

# श्री राम विवाह और हनुमान जन्म प्रसंग का किया मंचन

**पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में श्री रामलीला कमेटी कटला की रामलीला आयोजन जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्री रामलीला कमेटी कटला के ओर से पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में रामलीला का मंचन जारी है। रामलीला के पांचवें दिन श्री राम विवाह व श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मंचन हुआ। कमेटी कटला के प्रशासक एनके गोयल व समिति के सदस्यों के साथ श्री गणेश पूजन किया गया। रामलीला के मंचन को यादगार बनाने के लिए श्री राम कृष्ण कला अनुकरण संस्थान श्रीधाम वृंदावन से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री भावेश कृष्ण भारद्वाज मंडली के साथ पंडाल में पहुंचे। मंचन से पूर्व कलाकारों ने श्री राम बरात का आयोजन किया, श्री राम बरात अग्रसेन भवन से चल कर मुख्य बाजारों से श्री राम नाम का भजन कीर्तन करते हुए सायंकाल वापस अग्रसेन भवन पहुंचे, जहाँ अग्रसेन भवन समिति ने श्री राम बारात का स्वागत किया।

**बारात में विधायक रणधीर पनिहार और चंद्रप्रकाश ने दर्ज करवाई उपस्थित**

श्री राम बारात में मुख्य तौर पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार, वह आदमपुर के विधायक चंद्र प्रकाश रिटायर्ड आईएएस अधिकारी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। रात्रि में राम विवाह, हनुमान जन्म, (रहस्यों से भरा प्रसंग) पर मंचन हुआ। इस मौके पर पंचमुखी बालाजी मंदिर चौधरीवास के महंत पवन कुमार जोशी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।



हिसार। पुराना राजकीय कॉलेज मैदान में रामलीला का मंचन करते कलाकार।

### आदमपुर रामलीला में राम विवाह का मंचन

आदमपुर। आदमपुर की ऐतिहासिक श्रीलक्ष्मी कला मंडल रामलीला के मंच पर कई वर्षों बाद पुराने कलाकारों की वापसी हुई। रात्रि में राम विवाह की लीला में माता सीता सहित चारों बहनों की विदाई का शानदार मंचन किया गया। जनक का किरदार निभा रहे शुभम सोनी ने जब विदाई पर बाबुल की दुआएं लेती जा जा तुझको सुखी संसार मिले.... गीत गाया तो दर्शकों को भावुक कर दिया। कई महिलाएं तो फूट-फूट कर रोने लगी। लीला में पालकी में चारों बहनों की विदाई आकर्षण का केंद्र रही। इससे पहले लीला का शुभारंभ समाजसेवी संदीप बिल्लेवाल, राजकुमार जांगड़ा ने दीप प्रज्वलित कर किया। रामलीला में करीब 25 साल बाद बहादुर धर्मपाल शर्मा मंथरा, पवन गर्ग सदलपुरिया कैकेई और महेश अग्रवाल दशरथ के किरदार में नजर आए। हास्य कलाकार धर्मपाल शर्मा ने अपनी अदाकारी से दर्शकों को खूब लोट-पोट किया।



### कैकेयीः राम को वनवास, भरत को राज

**हिसार।** नृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा की ओर से मुलतानी चौक पार्क में बड़े पर्दे पर चल रही रामलीला का शुभारंभ समाजसेवी राकेश मेहता ने सपरिवार राम दरबार में आरती करके किया। सभा की ओर से उन्हें पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन महासचिव ओमप्रकाश असीजा ने किया। पांचवें दिन की लीला में दिखाया गया कि दासी मंथरा के कहने पर रानी कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वर मांग लिए। राजा दशरथ ने पूर्व में एक बार अपनी जान बचाने के बदले कैकेयी को उसकी इच्छा अनुसार दो वर देने का वचन दिया था। रामलीला में दिखाया गया कि कैकेयी ने राजा दशरथ को अपने महल में बुलाकर उन द्वारा पूर्व में दिए वर को मांगने के वचन याद दिलाते हुए उनसे वर मांगने की इच्छा जाहिर कर दी। राजा दशरथ ने सूर्यवंशी परम्परा को निभाते हुए कैकेयी से कहा कि प्राण जाए पर वचन न जाए पर चलते हुए तुम्हारे वर अवश्य पूरा करूंगे। इस पर कैकेयी ने कौशल्या पुत्र राम के लिए 14 वर्ष का वनवास तथा अपने पुत्र भरत के लिए राजगद्दी मांग ली। राजा दशरथ को बड़ा पश्चाताप हुआ पर अपने वचन को निभाते हुए मजबूर होकर राम को वन में भेजना पड़ा। राम के साथ उनकी भार्या सीता व भ्राता लक्ष्मण ने भी जाने की जिद्द कर ली। इस पर वे भी उनके साथ हो लिए।



### राम वनवास का भावुक मंचन देख नम हुई आंखें

**नारनौंद।** गांव लोहारी राघो में श्री रामा रामलीला क्लब के बैनर तले चल रही ऐतिहासिक रामलीला में कलाकारों द्वारा बेहद ही सुंदर मंचन किया गया। राम वनवास का भावुक मंचन देख कई दर्शक भाव विभोर हो उठे। कैकेयी व राजा दशरथ और कौशल्या व राम के बीच का संवाद सबसे ज्यादा काबिले तारीफ रहा। प्रसंग में दिखाया गया कि राजा दशरथ राम के राज्याभिषेक का ऐलान करवाते हैं। यह सुनकर दासी मंथरा कैकेयी के पास पहुंचकर उसे भड़काती है तथा राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या का राज्य दिलाने की बात कहती है। इस पर दासी मंथरा के बहकावे में आकर कैकेयी महल में रूठी हुई रहती है। राजा दशरथ जब कैकेयी से रूठने का कारण पूछते हैं तो वह दो वरदान मांगती है। पहला वरदान तो दशरथ कैकेयी को दे देते हैं लेकिन दूसरे वरदान में राम को चौदह वर्ष के लिए वनवास भेजकर भरत को गद्दी दिलाने की बात कहती है। कैकयी की बात सुन पुत्र वियोग में दुःखी होकर राजा दशरथ के आंखों से अश्रुओं की धारा बहने लगती है। राजा दशरथ और राम के चौदह वर्ष के वनवास मंचन को देख कई दर्शक भी अपनी आंखों से अश्रु नहीं रोक पाए।



### श्री बद्री-केदार रामलीला में हुआ राम सीता विवाह एवं कैकयी-दशरथ संवाद के दृश्य का मंचन

**हिसार।** श्री रामलीला मंचन के पांचवे दिन शनिवार रात को श्री बद्री-केदार रामलीला में राम सीता विवाह का बहुत ही सुंदर प्रस्तुत किया गया। मंच पर जैसे ही भगवान श्री राम का सीता के साथ विवाह हुआ तो पंडाल में मौजूद लोगों ने जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया दूसरी ओर मंच में कैकयी-दशरथ संवाद व श्री राम के वनगमन का मंचन को कलाकारों द्वारा दर्शाया गया जिसमें मंथरा द्वारा मति भ्रष्ट की शिकार रानी कैकयी राजा दशरथ से अपने दो वचनों में भरत को राज व राम के लिए 14 वर्ष वनवास की मांग करती है। कैकई के वचनों को सुनकर राजा दशरथ संतापग्रस्त होकर बेसुध हो जाते हैं, पिता के धर्मसंकट के बारे में पता चलते ही राम सहर्ष वन जाने की तैयारी शुरू कर देते हैं। पिता की आज्ञा पाकर राम का सीता और लक्ष्मण के साथ वन जाने और वनवास का समाचार मिलते हुए रघुपुरवासी उनके सामने जमा होकर मत जाओ रघुराई की गुहार लगाना, सुमंत के तीनों को वन तक छोड़ने और केवट द्वारा नाव से राम, लक्ष्मण व सीता को नाव से नदी पार कराने के दृश्यों का मंचन किया।

# विश्व अर्थव्यवस्था आपसी तालमेल पर निर्भर

- ट्रंप की टैरिफ नीति बनाम भारत के टैक्स सुधार पर गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केन्द्र की ओर से ट्रंप की टैरिफ नीति बनाम भारत के टैक्स सुधार विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। पंचनद शौध संस्थान अध्ययन केंद्र हिसार द्वारा आयोजित इस गोष्ठी में गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. एनके बिश्नोई प्रस्तोता के तौर पर उपस्थित हुए। डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। गोष्ठी में पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केंद्र हिसार के अध्यक्ष डॉ. जगबीर सिंह भी मौजूद रहे।



हिसार। पंचनद शोध संस्थान द्वारा आयोजित गोष्ठी में उपस्थित अधिकारीगण व अन्य
फोटो :हरिभूमि

प्रो.एनके बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व की अर्थव्यवस्था आज परस्पर निर्भरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे में किसी भी बड़े देश की व्यापार या कर नीति अन्य देशों पर भी असर डालती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति और भारत के हाल के वर्षों में हुए सुधार इस वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को अच्छी तरह से दिखाया है। अमेरिका की टैरिफ नीति पर प्रकाश डाला।

**स्वदेशी को अपनाएं**

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा व वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने आह्वान किया कि ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए हमें स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी होगी जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इस अवसर पर पंचनद शोध संस्थान के सलाहकार ज्ञानचंद बंसल, कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी, डिस्ट्रिक्ट अटार्नी पूनम वर्मा, डॉ. मुदिता वर्मा, प्राध्यापक डॉ. स्नेह गोयल सहित पंचनद शोध संस्थान हिसार के पदाधिकारी, कार्यकारिणी के सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हकृवि के 23 विद्यार्थियों के माउंटेनियरिंग का दल बाड़ा भंगाल ट्रैक यात्रा पर रवाना

- विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के माउंटेनियरिंग क्लब के विद्यार्थियों का दल साहसिक बाड़ा भंगाल ट्रैक यात्रा के लिए रवाना हुआ। विद्यार्थियों के दल को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए यात्रा के दौरान सुरक्षा, अनुशासन और एकजुटता बनाए रखने पर बल दिया। इस चुनौतीपूर्ण अभियान में कुल 23 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं, जिनमें 13 लडक़े और 10 लड़कियां शामिल हैं। इस ट्रैक का नेतृत्व विश्वविद्यालय की माउंटेनियरिंग क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी और डॉ. विक्रम घियाल कर रहे हैं। बाड़ा भंगाल ट्रैक हिमाचल प्रदेश के सबसे सुंदर किंतु चुनौतीपूर्ण ट्रैकों में से एक माना जाता है, जो कुल्लू और कांगड़ा की हरी-भरी घाटियों को जोड़ता है।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज विद्यार्थियों के दल को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।
फोटो :हरिभूमि

# कॉलेज के विद्यार्थियों ने रैली से नशे के खिलाफ दिया संदेश




नारनौंद। कॉलेज के विद्यार्थी जागरूकता रैली निकालते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

- रैली के दौरान विद्यार्थियों ने गांव औरंगशहपुर के ग्रामीणों को दिलवाई नशा न करने की शपथ

राजकीय महाविद्यालय नारनौंद के प्रांगण में एनएसएस द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान महाविद्यालय में स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके अलावा नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टरों के माध्यम से छात्रों ने नशा ना करने के लिए लोगों को जागरूक किया। साथ ही एक विशाल रैली निकालकर औरंगशहपुर गांव में नशा ना करने के लिए लोगों को शपथ भी दिलाई।

# नमो युवा रन 2025- बरवाला में युवा दिखाएंगे जोश, जुनून, देशभक्ति के रंग

- बरवाला में इस तरह का यह पहला आयोजन, कदमताल कर देश प्रेम का संदेश देंगे युवा : रणधीर धीरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

बरवाला में 28 सितंबर रविवार को नमो युवा रन का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन बरवाला में अपनी तरह का पहला आयोजन है। इसको लेकर बरवाला क्षेत्र के युवाओं में भारी जोश व उत्साह है। यह बात शनिवार को कार्यक्रम के संयोजक एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू और युवा मोर्चा के डबवाली प्रभारी संजीव गंगवा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने बताया कि इस दौड़ में हजारों युवा कदम से कदम मिलाते हुए देशप्रेम और ऊर्जा का संदेश देंगे। इसके माध्यम से बरवाला की धरती पर युवा शक्ति, जोश और देशभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि नमो युवा रन 28 सितंबर को सुबह 6 बजे अग्रसेन चौक नजदीक बस स्टैंड से शुरू होगी।



बरवाला। जानकारी देते कार्यक्रम के संयोजक एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू व युवा मोर्चा के डबवाली प्रभारी संजीव गंगवा। फोटो :हरिभूमि

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुखविंदर जाखड़, जिला उपाध्यक्ष मुनीश गोयल, जिला प्रवक्ता रामफल बूरा, मंडल अध्यक्ष मोनू संदूजा, बनवारी लाल व मनोज मैयड़ आदि भी उपस्थित रहे।*

# पुलिस लाइन में रक्तदान, नेत्र एवं डेंटल हेल्थ शिविर का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर, नेत्र जांच शिविर और डेंटल हेल्थ केयर कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखना और समाज में सेवा व जागरूकता की भावना को सुदृढ़ करना था।

सहायक पुलिस अधीक्षक मयंक मुदगिल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक अभियान नहीं बल्कि पुलिस बल के उस संकल्प का प्रतीक है, जिसमें कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाते हुए समाज और अपने पुलिस परिवार के स्वास्थ्य व कल्याण को प्राथमिकता दी जाती है। रक्तदान महादान है और यह जीवन बचाने का सबसे श्रेष्ठ कार्य है। इसी प्रकार नेत्र एवं दंत स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच हमें लंबे समय तक स्वस्थ रहने में मदद करती है। इस तरह के कार्यक्रम पुलिसकर्मियों को न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हैं, बल्कि समाज के लिए भी सकारात्मक संदेश देते हैं।

**नियमित करें आयोजन**

इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल, वेलफेयर इंस्पेक्टर वेदपाल, पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने स्वास्थ्य शिविर के महत्व को सराहा और ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से जारी रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम वेलफेयर इंस्पेक्टर वेदपाल की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

## आदत बुरी सुधार लो व मन की तरंग मार लो बस हो गया भजन...

# संसार के कल्याण के लिए होता है यज्ञ : आचार्य भारद्वाज

**मानव द्वारा इस संसार के कल्याण के लिए किए जाने वाले प्रत्येक पुरुषार्थ के काम का नाम है यज्ञ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आर्य समाज, मॉडल टाउन के 73वें वार्षिकोत्सव के चतुर्थ दिवस सुबह किये गये यज्ञ में मदन वासुदेवा, सोमेश आर्य, राजेंद्र भाटिया व विद्यासागर खन्ना सपत्नीक यजमान बने। यजमानों व उपस्थित लोगों ने आहुतियां डाली। यज्ञ के ब्रह्मा व आर्य समाज के आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने आदत बुरी सुधार लो बस हो गया भजन, मन की तरंग मार लो बस हो गया भजन... आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने भजन सुना कर यजमानों को आशीर्वाद दिया।



हिसार। आर्य समाज, माडल टाऊन के वार्षिकोत्सव में प्रवचन देते आचार्य योगेश भारद्वाज व उपस्थित श्रद्धालु।
फोटो :हरिभूमि

**आज हवन और भजन के बाद होगा समापन**

भजनोपदेशक पण्डित नरेश निर्मल ने टंकारा से एक फरिश्ता वरदान बनके आया, निष्प्राण हो गए थे, वो प्राण बनके आया... भजन सुनाकर ऋषि के बारे में बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती हिन्दू जाति के लिए एक फरिश्ता थे। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद आर्य, रामकुमार रावलवासिया, पवन रावलवासिया, वीरेंद्र आर्य, रामपाल आर्य, आनंद गर्ग, सुरेंद्र बेरवाल, मदन वासुदेवा, राज वर्मा एडवोकेट, ईश्वर सिंह आर्य, अशोक गौतम, निर्मला देवी, गीता चोपड़ा, सविता वेदांशु आदि भी उपस्थित रहे। आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने बताया कि 28 सितम्बर को कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यज्ञ, भजन, प्रवचन एवं समापन होगा।

यज्ञ उपरांत भजन, प्रवचन व सत्संग का आयोजन किया गया। मुजफ्फरनगर से आये मुख्य प्रवक्ता आचार्य योगेश भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि यज्ञ केवल अग्निहोत्री तक सीमित नहीं है, यज्ञ अग्निहोत्र के परे उन सभी कार्यों में व्यापक है जो संसार के कल्याण के लिए किए जाते हैं चाहे वह सामाजिक हो, आर्थिक हो, राजनीतिक हो अथवा तकनीकी अर्थात उस प्रत्येक पुरुषार्थ का नाम यज्ञ है जो संसार के कल्याण के लिए किया जाता है।

# सालासर धाम पैदल जाने वाले यात्रियों के लिए भंडारा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्री रामदूतम सेवा समिति द्वारा सालासर धाम पैदल जाने वाले यात्रियों के लिए 9वां श्री शरद पूर्णिमा महोत्सव व भंडारे का शनिवार को शुभारंभ हुआ। समिति के प्रधान कुल प्रकाश बंटी गोयल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सालासर धाम पैदल यात्रियों के लिए छह दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन सुरेश कुमार जैन सिसाय वाले के सानिध्य में स्थानीय राजगढ़ रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप से आगे श्री श्याम धर्म कांटा के पास विधिवत रूप से प्रारंभ हो चुका है। कार्यक्रम स्थल पर कलाकारों द्वारा रात्रि को बाबा का गुणगान किया जाता है। भंडारे से व भजन संध्या से पूर्व अनिल गुप्ता (अनिल ट्रांसपोर्ट) की अध्यक्षता में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा श्री बालाजी का पूजन किया गया व दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में दया नंद सुथार, अनिल सिंगला, सुरेश राजगड़िया, अनिल तनेजा, धर्मेंद्र कथूरिया, मोहित गाबा, रोशन मिस्त्री, मुकेश मिस्त्री, मुकेश सैनी, श्याम लाल, सुभाष, आशु गोयल, अंशुल गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



हिसार। पूजन करते रामदूतम सेवा समिति के सदस्य।

### महिला सुरक्षा व साइबर जागरूकता पर छात्राओं को दिए अहम टिप्स

**हिसार।** जिला पुलिस की महिला समर्पित टीम ने सेवा भारती मिडिल स्कूल में छात्राओं को महिला सुरक्षा, महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम और साइबर क्राइम से बचाव के प्रति जागरूक किया। टीम से मुख्य सिपाही किरण ने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 112, महिला हेल्पलाइन 1091 या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। साथ ही सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने में सावधानी बरतने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत शिकायत करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं से आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### रामसिंह कॉलोनी में स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**हांसी।** स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत 29 सितंबर को भिवानी रोड़ स्थित राम सिंह कॉलोनी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राहुल बुद्धिराजा को शिविर का शुभारंभ करेंगे। प्रातः 10 बजे प्रारंभ होने वाले इस स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपस्थित रहेगी। शिविर में पात्र लोग आयुष्मान भारत कार्ड, आभा पहचान पत्र, निक्षय आईडी बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर शुगर जांच, गैर संचारी रोगों की जांच, हीमोग्लोबिन जांच, दांतों से संबंधित रोगों की जांच करवा सकते हैं।

### विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

**हिसार।** छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वच्छता रखने व रखवाने की शपथ ली। तत्पश्चात कॉलेज परिसर से लघु सचिवालय कॉलोनी से होते हुए राजगढ़ रोड तक हाथों में स्वच्छता संदेश वाली पट्टियां लिए स्वच्छता के ज़ोरदार नारे लगाते हुए रैली निकाल कर सभी को स्वच्छता का संदेश दिया। प्राचार्या प्रोफेसर उर्मिला मलिक ने बताया कि यह कार्यक्रम नगर निगम व कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। प्राचार्या ने नगर निगम से आए हुए अतिथियों जसवीर, टेक्निकल एक्सपर्ट व प्रदीप जाखड़ का स्वागत व धन्यवाद किया।

### महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा का हिसार आगमन

**हिसार।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल (एबीटीएमएम) की राष्ट्रीय अध्यक्षा सुमन नाहटा ने अपनी टीम सहित संगठन यात्रा का शुभारंभ शासनश्री साध्वी यशोधरा, शासनश्री साध्वी प्रशमरती, उपसेवाकेंद्र व्यवस्थापिका डॉ. साध्वी श्री शुभप्रभा जी के सानिध्य में हिसार से किया। इस अवसर पर अध्यक्षा सुमन नाहटा ने प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए और मंडल की आगामी योजनाओं एवं आयामों पर भी प्रकाश डाला।

### राजेन्द्र बने भारत रक्षा मंच के हरियाणा प्रांत संगठन मंत्री

**हिसार।** भारत रक्षा मंच का शस्त्र पूजन कार्यक्रम गुरुग्राम जिले के सोहना में बड़े उत्साह और पारंपरिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मंच के राष्ट्रीय संगठन मन्त्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व वरिष्ठ प्रचारक महावीर सिंह मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता भारत रक्षा मंच के राष्ट्रीय मन्त्री एवं उत्तर क्षेत्र संगठन मन्त्री सत्यवान बिरला ने की। कार्यक्रम के दौरान मंच की हरियाणा प्रान्त की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

### स्मॉल वंडर स्कूल में डांडिया उत्सव का आयोजन

**हिसार।** स्मॉल वंडर स्कूल में डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे कपड़ों में मस्ती भरा डांडिया नृत्य किया। डांडिया उत्सव में छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी चमकीली डांडिया थाम कर ढोल की ताल पर खूब गरबा और डांडिया खेला। नवरात्रि के उपलक्ष्य पर कुछ बच्चियां मां दुर्गा का स्वरूप के रूप में भी आई।

## ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा, 20 वाहनों के चालान, 8 वाहन जब्त


# सीएम फ्लाइंग का बड़ा चेकिंग अभियान

**टीम ने ऐसे वाहनों के 6 लाख के चालान किए गए**

**कार्रवाई सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले में सीएम फ्लाइंग टीम ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सुबह से लेकर दोपहर तक बड़ा चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 20 वाहनों के चालान किए और 8 ओवरलोड वाहनों को जब्त कर लिया। चालानों के रूप में कुल 6 लाख 2 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में की गई। उनके साथ आरटीए कार्यालय के टीएसआई सतीश, एएसआई सुरेंद्र तथा एचसी विजय भी मौजूद रहे।



हिसार। ओवरलोड वाहनों की जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना और टीम के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### गुप्त सूचना पर कार्रवाई

सीएम फ्लाइंग टीम को सूचना मिली थी कि कई वाहन चालक बिना नियमों का पालन किए ओवरलोड गाड़ियां चला रहे हैं। साथ ही टैक्स न भरने, बीमा व प्रदूषण प्रमाण पत्र न होने जैसी अनियमितताएं भी सामने आ रही हैं। सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग ने शनिवार को सुबह से लेकर दोपहर तक हांसी-उमरा रोड, हांसी-भिवानी रोड और हिसार-दिल्ली रोड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया।

### दस्तावेज़ों की गहन जांच

सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने बताया कि जांच के दौरान टीम ने वाहनों के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, प्रदूषण कार्ड, टैक्स भुगतान की रसीद तथा वाहन में लोड किए गए माल की चौड़ाई व वजन तक की गहनता से जांच की। नियमों का उल्लंघन करने वाले 20 वाहनों के मौके पर ही चालान किए गए और 6 लाख 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिन वाहन मालिकों ने मौके पर ऑनलाइन चालान राशि जमा करवा दी, उन्हें आगे जाने की अनुमति दी गई जबकि चालान की राशि जमा न कराने वाले आठ वाहनों को जब्त (इंपाउंड) कर लिया गया।

### डॉग स्क्वाड टीम के साथ चलाया सर्च अभियान

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने शुक्रवार शाम को सांय 5 से रात 8 बजे तक नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए थाना सदर क्षेत्र गांव सिसाय काली रावण व सिसाय बोलान में डॉग स्क्वाड टीम के साथ सर्च ऑपरेशन के तहत संदिग्ध स्थानों सहित अनेक जगहों पर जांच की। एएसआई चंद्र शेखर ने बताया कि थाना सदर पुलिस व डॉग स्क्वाड टीम के साथ क्षेत्र के गांव सिसाय काली रावण व सिसाय बोलान में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान संदिग्धों के निवास स्थानों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छुपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला न रहता हो। लेकिन अभियान के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ।

# छात्र विकास के लिए 25 क्लब गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में हाल ही में 25 अलग-अलग क्लबों का गठन किया गया है।

यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल के मार्गदर्शन और विकसित भारत के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ये क्लब अपनी गतिविधियां संचालित करेंगे।

इन क्लब्स का उद्देश्य कौशल और संस्कृति का समन्वय इन क्लबों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ उनके व्यक्तिगत और सामाजिक कौशल को निखारना है। इन क्लबों की सहायता से विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास, खेल-कूद, कला का निखार, धार्मिक एवं सांस्कृतिक जुड़ाव का अवसर प्राप्त होगा।



हिसार। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

### छात्र रुचि के अनुसार गतिविधियों में ले सकेंगे भाग

साथ प्रो चांसलर डॉ. गोयल ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा, इन क्लबों के माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में भाग ले सकेंगे, जिससे उनकी नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी।

## महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में 'स्नेह-कटुम्बकम' आयोजित



अपनी प्रस्तुति देते महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल में 'स्नेह-'कटुम्बकम्' का आयोजन किया गया, जिसमें समाजसेविका आशा सांगानेरिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना व पुष्प अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों व अन्य गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए सर्वप्रथम स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। बतौर मुख्यातिथि आशा सांगानेरिया ने कहा कि एक विद्यार्थी की नींव स्कूल शिक्षा से पूर्व घर से ही पड़ती है। इसीलिए प्रत्येक अभिभावक की जिम्मेवारी भी बनती है कि वह अपने घर पर भी बच्चों को अच्छे संस्कार दें। इस कार्यक्रम में विभिन्न बच्चों द्वारा जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवाने पर सम्मानित किया गया।

## महिलाओं के लिए वित्तीय जागरूकता समय जरूरत

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय में प्लेसमेंट प्रकोष्ठ एवं वाणिज्य विभाग की ओर से एनआईएसएम एवं कोटक सिक्योरिटीज के सहयोग से छात्राओं के लिए 'वित्तीय शिक्षा का महत्व' विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सांगा ने महिलाओं के लिए वित्तीय जागरूकता को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि बचत और निवेश की सही योजना आत्मनिर्भरता और भविष्य की सुरक्षा दोनों प्रदान करती है। इस व्याख्यान की मुख्य वक्ता एनआईएसएम से बबीता कुमारी एवं रामफल पूनिया रहे।

## बाबा बंदा बहादुर प्रवेशिका शिविर का सम्पन्न




**हांसी।** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में चल रहा तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का प्रवेशिका शिविर शनिवार को संपन्न हो गया। यह शिविर जिला संगठन स्काउट-गाइड की ओर से नरेश कुमार एवं उनकी टीम के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड नियम, अनुशासन, प्राथमिक चिकित्सा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व कौशल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और टीम वर्क, सेवा भावना तथा अनुशासन जैसे गुण आत्मसात किए। विद्यार्थियों ने तीन दिन की प्रवेशिका शिविर में मार्च पास्ट करना व मुख्य अतिथि को एस्कॉर्ट करते हुए ध्वजारोहण स्थान तक ले जाना सही तरीके से ध्वजारोहण करना ध्वज को सलामी व मुख्य अतिथि को सलामी के साथ प्रेड करना सीखा। विद्यालय प्राचार्या लवली चावला ने प्रशिक्षण शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर व स्काउटिंग टीम को एक-एक स्कूल का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# विधायक ने अनाज मंडी का किया दौरा

- बालसमंद की अनाज मंडी, कॉलेज व पीएचसी की सुध ले प्रशासन : चंद्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर हलके के बड़े गांव बालसमंद की जाट धर्मशाला में जनता दरबार लगाकर जन समस्याएं सुनी और बालसमंद के राजकीय महाविद्यालय, अनाज मंडी व प्राइमरी हेल्थ सेंटर का दौरा भी किया। उन्होंने कहा कि बालसमंद का कॉलेज, अनाज मंडी व पीएचसी की प्रशासन को सुध लेनी चाहिए और यहां व्याप्त समस्याओं का समाधान करना चाहिए। चंद्रप्रकाश ने कहा कि 2018 में बालसमंद में गवर्नमेंट कॉलेज के भवन का शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री ने ही किया था। विडंबना है कि तब से यह कॉलेज बालसमंद के प्राइमरी स्कूल में संचालित किया जा रहा है।



हिसार। बालसमंद में पीएचसी का दौरा करते विधायक चंद्रप्रकाश। फोटो: हरिभूमि

### लोगों की समस्याएं सुनीं

विधायक चंद्रप्रकाश ने बालसमंद अनाज मंडी का दौरा करने के उपरांत कहा कि बालसमंद में कई वर्ष पहले अनाज मंडी की स्थापना की गई थी लेकिन देखभाल व संभाल के अभाव में अनाज मंडी की दशा दयनीय है। विधायक ने बालसमंद के पीएचसी का दौरा करने के उपरांत यहां स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति असंतोष जताया। विधायक चंद्रप्रकाश ने जनता दरबार में बहुत सी समस्याओं का मौके पर ही निदान कर दिया। अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न गांवों में जलभराव की समस्या प्रमुखता से सामने आई।



## शिक्षक समाज के भविष्य निर्माता

- होली चाइल्ड स्कूल में क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित
- शिक्षकों को मिला मानसिक स्वास्थ्य एवं वेलनेस का प्रशिक्षण

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को को सीबीएसई, सीओई पंचकूला द्वारा 'प्रोमोटिंग मेन्टल हेल्थ एंड वैलनेस अमंग स्टूडेंट्स' पर विशेष क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हिसार के 8 विद्यालयों के कुल 62 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन श्वेता अरोड़ा और सलोनी खुराना रहीं, जिन्होंने शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी नवीन अवधारणाओं और तकनीकों से अवगत कराया। इस दौरान तनाव प्रबंधन, सकारात्मक संवाद, भावनात्मक सहयोग, और विद्यार्थियों को प्रेरित करने के व्यावहारिक उपाय साझा किए गए।

### शिक्षक विद्यार्थियों सिखाएंगे जीवन जीने की कला

स्कूल के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज के भविष्य निर्माता हैं। यदि शिक्षक मानसिक स्वास्थ्य और संतुलन की समझ रखते हैं, तो वे विद्यार्थियों को न केवल ज्ञान देंगे बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाएंगे।

# शहीद भगत सिंह की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

साउथ बाइपास स्थित विज्डम स्कूल में बड़े श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भारत माता के वीर सपूत और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई।

इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया ने भगत सिंह के जीवन, उनके बलिदान और देशभक्ति के भाव, उनकी पुस्तक पढ़ने में रुचि, देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने का उत्साह जैसे बिंदुओं पर चर्चा की।



हिसार। कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### नाटक से भगत सिंह की विचार धारा बताई

विद्यार्थियों ने मंच पर देशभक्ति पर आधारित भाषण और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से भगत सिंह के विचारों और उनके क्रांतिकारी योगदान को दर्शाया। स्कूल संचालक हरिपाल पिलानिया ने बताया कि भगत सिंह का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है उनका साहस निडरता और देशभक्ति की भावना हमारे दिलों में आज भी जिंदा है और आने वाले समय में भी रहेगी।

## युवाओं ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

**हिसार।** सेवा पखवाड़ा के तहत गांव न्याणा स्थित शहीद बलजीत सिंह सहरावत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। विद्यालय की प्राचार्य अनीता अहलावत ने की, जबकि मंच संचालन अध्यापक धर्मवीर सिंह द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे जिला नागरिक अस्पताल हिसार के सुकून काउंसलर एवं नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा ने कहा कि नशा केवल शारीरिक और मानसिक नुकसान पहुंचाता है।

# सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे कार्यक्रम : डॉ. आशा

- हिसार विधानसभा के अर्बन मंडल में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उत्साह से शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बना रहे हैं। जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि सेवा कार्यों की कड़ी में हिसार विधानसभा के अर्बन मंडल में स्वच्छता अभियान चलाया गया।



हिसार। सेवा पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान चलाते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नेता मनदीप मलिक, सुभाष ढींगड़ा, पार्षद संजय डालमिया, मंडल महामंत्री देशबंधु कौशिक, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र सोनी, स्वेता सिंघल, रतन सैनी, राकेश गुलाटी, महेंद्र सिंह पानू, राकेश आर्य, वीरेंद्र गुप्ता, प्रद्युम्न शर्मा, गजेंद्र सिंह, नगर निगम सीएसआई राजकुमार और सफाई कर्मचारी सहित पार्टी के ज्येष्ठ और श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आज सरकारी खरीद नहीं हुई तो करेंगे हड़ताल

- व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उकलाना अनाज मंडी में धान खरीद का लिया जायजा

**उकलाना।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उकलाना अनाज मंडी में धान खरीद का जायजा लिया। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने धान की खरीद 22 सितंबर से शुरू करने की घोषणा के बावजूद भी उकलाना में सरकारी अधिकारी खरीद नहीं कर रहे हैं। अगर आज धान की सरकारी खरीद शुरू नहीं की तो मंडी बन्द करके हडताल की जाएगी। इस मौके अनाज मंडी प्रधान धर्मपाल धायल, पूर्व प्रधान राजेश बिढमडा व सुभाष फरीदपुरिया, प्रदेश संगठन सचिव सतीश बंसल, व्यापार मंडल के युवा प्रधान विनोद मित्तल, गुलशन बढ़ला, राजकुमार गर्ग, बलराज गर्ग, तुलसी ग्रोवर, महेंद्र मुनीम, बलजीत मुनीम, विक्रम बोलान, संजय धायल, बलजीत नंबरदार आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**अभियान** — विश्व रेबीज़ दिवस पर पशु जनस्वास्थ्य एवं महामारी जागरूकता कार्यक्रम

# रेबीज एक घातक रोग, इसे जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत

**मानव, पशु एवं पर्यावरण स्वास्थ्य तीनों का समन्वय बहुत जरूरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

विश्व रेबीज दिवस पर कार्यकर्मों के तहत कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा जनस्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान द्वारा सीसीएसएचएयू परिसर स्थित सरकारी उच्च विद्यालय के 210 छात्र एवं सरकारी प्राथमिक विद्यालय के 120 छात्रों एवं स्टाफ में रेबीज रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने अपने संदेश में कहा कि रेबीज नियंत्रण के लिए वन हेल्थ दृष्टिकोण आवश्यक है, जिसमें मानव, पशु एवं पर्यावरण स्वास्थ्य तीनों का समन्वय बहुत जरूरी है। इस वर्ष की विश्व रेबीज दिवस की थीम हमें यह याद दिलाती है कि हर व्यक्ति, चाहे वो आम नागरिक हो, छात्र हो, शिक्षक हो या स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े हों-हम सभी की ज़िम्मेदारी है कि हम मिलकर इस रोग को जड़ से खत्म करने के प्रयास करें।

### बच्चों को दी जानकारी

विभागाध्यक्ष पशु चिकित्सा जनस्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान, डॉ. राजेश खुराना ने बताया कि रेबीज से बचाव के लिए समय पर जागरूकता और निवारक कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है। हमारे विभाग द्वारा विद्यालयों एवं समुदायों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों और आमजन को शिक्षित किया जाता है। पशु काटने के तुरंत बाद साबुन-पानी से घाव धोना और चिकित्सक से परामर्श लेना जीवन बचाने का सबसे प्रभावी तरीका है।

### घाव को अच्छे से धोएं

इस अवसर पर विभाग के वैज्ञानिक डॉ. जिनु मनोज एवं डॉ. मनेश कुमार ने विद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ को रेबीज रोग के बारे में विस्तार से शिक्षित किया। उन्होंने बताया कि रेबीज एक घातक रोग है, लेकिन इसका पूर्णतः रोकथाम संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि किसी भी पशु के काटने या खरोंचने पर घाव को तुरंत साबुन और स्वच्छ पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए तथा समय पर चिकित्सक की देख-रेख में टीकाकरण करवाना चाहिए। साथ ही पालतू कुत्तों एवं बिल्लियों के नियमित टीकाकरण का महत्व बताया। दोनों वैज्ञानिकों ने बच्चों को सरल भाषा और उदाहरणों के माध्यम से समझाया और उनसे अपील की कि वे इस संदेश को अपने परिवार और समुदाय तक पहुंचाए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ को रेबीज रोग के प्रसार, बचाव एवं टीकाकरण की जानकारी देने के लिए प्रचार पुस्तिका (पम्पलेट) भी वितरित की गयी।

## स्वच्छ भारत की परिकल्पना हर नागरिक के दिल में हो

**हांसी।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को विधायक विनोद भयाना के नेतृत्व में पुरानी सब्जी मंडी, एसडी कॉलेज रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर विधायक भयाणा ने कहा कि भारत को साफ, स्वच्छ एवं सुंदर राष्ट्र बनाने के लिए हर व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति दिल में प्रेम जागना होगा।

तभी सही मायने में हम स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। अगर हर व्यक्ति जीवन में स्वच्छता को अपना ले तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को और अधिक बल मिलेगा और निश्चित रूप से देश विकास के पथ पर और तेजी से अग्रसर होगा।